Need to provide stoppage of trains running on Palanpur - Gandhidham Railway Section at Bhabhar Railway Station-Laid

श्री परबतभाई सवाभाई पटेल (बनासकांठा): गुजरात में मेरे निर्वाचन क्षेत्र बनासकांठा से होकर कुछ ट्रेनें चल रही हैं, और पालनपुर-भुज रेलवे ट्रैक पर चलने वाली इन निम्नलिखित ट्रेनों को भाभर रेलवे स्टेशन पर ठहराव दिया जाना चाहिए

12959- बांद्रा - भुज सुपरफास्ट,
12960- भुज- बांद्रा सुपरफास्ट,
12965- बांद्रा- गांधीधाम सुपरफास्ट,
12966- गांधीधाम- बांद्रा सुपरफास्ट,
20935 गांधीधाम - इंदौर सुपरफास्ट,
20936 इंदौर- गांधीधाम सुपरफास्ट,
19575 नाथवाडा अप,
19576 नाथवाडा डाउन,
20928 भुज - पालनपुर सुपरफास्ट,
20927 पालनपुर - भुज सुपरफास्ट,
20949 अहमदाबाद - एकतानगर सुपरफास्ट और
20948 एकतानगर अहमदाबाद सुपरफास्ट ।

ये ट्रेनें पालनपुर-गांधीधाम रेलवे लाइन पर भाभर रेलवे स्टेशन से होकर चल रही हैं । भाभर एक बड़ा शहर है जिसकी अपनी नगर पालिका है और यह पूरे भारत से जुड़े महत्वपूर्ण व्यापारिक केंद्रों में से एक है । भाभर के कई लोग अहमदाबाद, पालनपुर, सूरत, मुंबई और कच्छ जिलों में रहते हैं और अक्सर भाभर आते-जाते रहते हैं । भाभर रेलवे स्टेशन पर एक भी ट्रेन (ऊपर उल्लिखित) को स्टॉपेज नहीं दिया गया है । मेरा माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि पालनपुर-गांधीधाम रेलवे लाइन से गुजरने वाली उपरोक्त सभी ट्रेनों को भाभर स्टेशन पर रुकने की अनुमति देने की कृपा करें ।